राजकीय महिला महाविद्यालय रतिया में सत्र 2021-22 के लिए प्रवेश प्रक्रिया आरंभ

महाविद्यालय जनसूचना अधिकारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग पंचकुला ने स्नातक प्रथम वर्ष के ऑनलाइन प्रवेश शैडयूल जारी कर दिया गया है। राजकीय महिला महाविद्यालय रतिया में ऑनलाइन आवेदन 16 अगस्त 2021 से 26 अगस्त 2021 तक लिये जायेगे। प्राचार्य डॉ राजेश मेहता ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड व सीबीएसई बोर्ड द्वारा बारहवीं कक्षा का परिणाम जारी करने के बाद हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया आरंभ कर दी है। इस बार ऑनलाइन आवेदन के लिए दस दिन का ही समय दिया गया। इसलिए छात्राएं जल्द से जल्द अपना आनलाइन फार्म भरे।
महाविद्यालय में बी.ए व कॉमर्स सकांय प्रथम वर्ष में क्रमश: 320 व 80 सीटें है। प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित सूचना छात्राओं को महाविद्यालय की वेबसाइट www.gcwratia.ac.in, फेसबुक, इंस्टाग्राम और समाचार-पत्रों के माध्यम से प्राप्त होती रहेगी।
स्नातक प्रथम वर्ष में सीटों की संख्या- बी.ए. प्रथम वर्ष में 320,
बी. कॉम. प्रथम वर्ष में 80.
इस शैक्षणिक सत्र में दो मेैरिट सूची लगेगी- प्रथम मेैरिट सूची 2 सितम्बर 2021 को लगेगी, जिसकी फीस 6 सितम्बर 2021 तक भरी जायेगी। दूसरी मैरिट सूची 8 सितम्बर 2021 को जारी होगी। जिसकी फीस 11सितम्बर तक भरी जायेगी। इसके बाद भी यदि रिक्त सीट बचती है तो 13 सितंबर 2021 से पुन: ऑनलाइन पोर्टल ओपन होगा और उच्चतर शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रवेश दिया जायेगा।
एडमिशन नोडल अधिकारी प्रो रीतु ने बताया कि ऑनलाइन फार्म भरते समय निम्नलिखित दस्तावेज चाहिए।
1. फैमिली आईडी ।
2. आधार कार्ड।
3.10वीं का प्रमाण पत्र।
4. 12वीं का प्रमाण पत्र।।
5. रिहायशी प्रमाण पत्र (डोमिसाइल) । इसको बनवाने के लिए लगभग 1 सप्ताह का समय लगता है ।
6. जाति प्रमाण पत्र (SC और BC विद्यार्थियों के लिए जरूरी)।
7. गैप ईयर सर्टिफिकेट (जिन्होंने पिछले वर्ष 10+2 की हो या जिनका किसी कारण गैप रहा हो)।
8. स्कैन किये गये हस्ताक्षर व पासपोर्ट साइज फोटो ।
9. इनकम सर्टिफिकेट जो 6 महीने से ज्यादा पुराना न हो (बीसी के लिए 250000) ।
10. चरित्र प्रमाण पत्र जो स्कूल से मिलेगा । (लेकिन जिस विद्यार्थी ने 10+2 ओपन स्कूल से की है और जिसका गैप ईयर है वह अपने गांव के सरपंच से या वार्ड के एमसी से चरित्र प्रमाण पत्र बनवा सकता है)
11. Email ID व मोबाइल नंबर (मोबाइल नंबर वही भरे जो परमानेंट हो क्योंकि आपके तीनों सालों के लिए कॉलेज में जो भी कार्य मोबाइल से संबंधित मैसेज भेजने के लिए होंगे वह इसी नंबर पर आएंगेइसको बदला नहीं जा सकता।)
12. माइग्रेशन सर्टिफिकेट (भिवानी बोर्ड को छोड़कर किसी भी बोर्ड जैसे सीबीएसई(CBSE) व अन्य बोर्ड जो किसी भी राज्य का हो सकता है ,,)
13. 🏦 बैंक खाते की फोटो कॉपी व उस बैंक का IFSC CODE जिसमें आपका खाता है (बैंक खाता आधार कार्ड से लिंक होना चाहिए यदि नहीं है तो बैंक में जाकर तुरंत करवाएं)
14. यदि कोई विद्यार्थी EWS कैटेगरी में फार्म भरता है। तो उसका EWS सर्टिफिकेट जरूरी है।
15. NSS/NCC/Sports सर्टिफिकेट ।

आनलाइन फार्म भरते समय छात्राएँ निम्न बातों का ध्यान अवश्य रखे-
◦ जहां तक सभंव हो एक परमानेंट मोबाइल नम्बर दे जिस पर वट्सअप चलता हो ताकि भविष्य में ऑनलाइन शिक्षा में सुलभता हो सके।
◦ छात्रा की अपनी ई-मेल आई डी अवश्य होनी चाहिए और फार्म में भी वही भरी जानी चाहिए।
◦ ऑनलाइन फार्म भरते समय छात्राएँ अपने सब्जेक्ट कॉम्बिनेशन को अवश्य ध्यान से भरे।
◦ फार्म भरते समय वर्तमान की फोटो लगाये।
◦ ऑनलाइन फार्म भरने के बाद रेजिस्ट्रेशन नम्बर व पासवर्ड अवश्य नोट करें।
◦ ऑनलाइन फार्म का प्रिंट अवश्य निकलवा कर अपने पास रखे। महाविद्यालय द्वारा मागने पर अवश्य दे।

https://www.facebook.com/gcwratiaofficial/?ti=as